मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 48, मुंबई, मंगलवार, 9 अप्रैल, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

॥शुभ लाभ॥
MIX MITHAI



मोतीचूर लड्डू
काजू कतली
काजू रोल
बदाम बर्फी
मलाई पेड़े
रसगुल्ले
Order Now 98208 99501
ONLINE SHOP : www.mmmithaiwala.com
MM MITHAIWALA
Malad (W), Tel. : 288 99 501.

## दिलशाद एस. खान ने की मुसलमानों से अपील

## न पिये इजराइल का बना कोल्डरिंग





दिलशाद एस. खान
संपादक : मुंबई हलचल

**मुंबई ।** भारत के 25 करोड़ मुसलमान अगर ईद के दिन एक बार में एक व्यक्ति 20 रुपये की कोल्डरिग पीता है तो इजराइल को 500 करोड़ रुपये का फायदा होगा, जबकि ईद के दिन ज्यादातर सभी के घरों पर कोल्डरिगं इस्तेमाल की जाती हैं, कभी बिरादरी के लोग एक दूसरे के घर जाते हैं तो यार दोस्त, रिश्तेदारों का आना जाना लगा रहता है, सोचो,जब एक टाइम में इजराइल को 500 करोड़ रुपये का फायदा हो रहा है तो पूरा दिन में कितना होगा,अरबों खरबो रुपये, और हमारे इसी पैसे से वो हमारे ही फिलिस्तीन भाईयों पर बम बरसा रहा है, इसीलिए बुजुर्गानें दीन का ऐलान है कि इस ईद पर ना किसी को कोल्डरिगं पिलायेंगे और ना ही पीयेंगे।

# स्पा पार्लर में चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

## पुलिस ने छापा मारकर 3 लड़कियों को बचाया

### मालिक गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई ।** पुणे में एक स्पा में चल रहे देह व्यापार रैकेट का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुणे पुलिस ने पिंपरी चिंचवड़ के हिंजेवाड़ी इलाके में एक स्पा पार्लर में कथित तौर पर चलाए जा रहे वेश्यावृत्ति रैकेट का पदार्फाश किया है। स्पा मालिक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुणे पुलिस ने 'स्पा' सेंटर की आड़ चल रहे इस वेश्यावृत्ति रैकेट का पदार्फाश करते हुए तीन लड़कियों को बचाया है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



## मुंबई उत्तर–पश्चिम से उद्धव गुट के प्रत्याशी अमोल कीर्तिकर पर ईडी कसेगी शिकंजा?

### खिचड़ी घोटाले में पूछताछ जारी

**मुंबई ।** मुंबई के कथित खिचड़ी घोटाला मामले में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के उम्मीदवार अमोल कीर्तिकर को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज पूछताछ के लिए बुलाया है। कीर्तिकर मुंबई उत्तर-पश्चिम सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने वाले है। शिवसेना (यूबीटी) नेता और मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा उम्मीदवार अमोल कीर्तिकर सोमवार सुबह दस्तावेजों के साथ ईडी कार्यालय पहुंचे।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

DESI VILLAGE™
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

### रमजान मुबारक हिजरी 1445 साल 2024

**मुंबई और आसपास के इलाकों में टाईम**


रोजा उंतीसवां (29)
09 अप्रैल 2024 मंगलवार

खत्मे शहेरी : 5:01 A.M
**रोजे की निय्यतः** नवैतु अन असौमा गदन लिल्लाहि तआला मिन फर्जी रमजान।

वक्ते इफ्तार : 6:57 P.M
**इफ्तार की दुआः** अल्लाहुम्मा इन्नी लका सुमतो वबैका आमनतो व इलयका तवकल्लतो व आला रिजकेका अफ्तरतो फतकब्बल मिन्नी।

रमजान का (21 से 30 रोजा) तीसरा असरा जहन्नम से नजात पाने का होता है।

## झगड़ा होने पर सीने और पेट में घोंपा चाकू, मौत



**मुंबई।** महाराष्ट्र के नागपुर शहर में सनसनीखेज वारदात हुई है। जहां बाजार में सिगरेट पी रही दो युवतियों से कथित तौर पर छेड़छाड़ करने और उनपर अभद्र टिप्पणी करने को लेकर एक युवक की हत्या कर दी गयी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना हुडकेश्वर पुलिस थाना क्षेत्र के महालक्ष्मी नगर में शनिवार रात को हुई। इस वारदात में शामिल दो युवतियों और एक अन्य युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना शनिवार रात की है जब दोनों युवतियां कैब से कपड़े खरीदने के लिए बकड़े हॉल के पास पहुंचीं।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# बेटी के नाम पर ली रिश्वत

## खिचड़ी घोटाले के मास्टरमाइंड हैं संजय राउत, निरूपम ने किया बड़ा दावा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** संजय निरुपम ने सोमवार को बड़ा खुलासा किया। उन्होंने कहा कि संजय राउत खिचड़ी घोटाले के किंग पिन हैं। संजय राउत ने भाई और पत्नी के नाम पर इस घोटाले का पैसा लिया। बेटी के नाम पर चेक लिया। दलाली के रूप में 1 करोड़ रुपये लिए गए। संजय राउत पर मामला दर्ज करके गिरफ्तार किया जाए। इसके बाद उन्हें समझ में आएगा कि गरीबों के पेट पर लात मारने से क्या होता है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



### सीने पर से एक बोझ उतर गया

संजय ने कहा कि कांग्रेस से मुक्ति मिलने के बाद आज मन बहुत हल्का लग रहा है। ऐसा लगता है सीने पर से एक बोझ उतर गया है। पूरे कांग्रेस परिवार को धन्यवाद। बता दें कि पार्टी से बाहर निकालने से पहले कांग्रेस ने स्टार प्रचारकों की लिस्ट से भी उन्हें बाहर कर दिया था। ऐसा कहा जाता है कि संजय निरुपम मुंबई उत्तर पश्चिम सीट से टिकट नहीं मिलने से नाराज थे।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### रामनवमी के नाम पर वोट की अपील



अयोध्या में राममंदिर का निर्माण होने और रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली रामनवमी आ रही है। भारतीय जनता पार्टी इसे बड़ा आयोजन बना रही है। दूसरी खास बात यह है कि रामनवमी के दिन ही पहले चरण के लिए प्रचार समाप्त होगा और दो दिन के बाद यानी 19 अप्रैल को 102 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। तीसरी बात यह है कि बिहार, झारखंड से लेकर उत्तर प्रदेश और दिल्ली तक में कई इलाके ऐसे हैं, जहां रामनवमी के मौके पर हिंसक झड़प होती है या शांति भंग होती है। जुलूस की वजह से कई जगह तनाव पैदा होता है, जो कई दिन तक बना रहता है। उसी बीच पहले चरण का मतदान होना है। अब उसमें एक खास बात यह जुड़ गई है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद लोगों से रामनवमी के नाम पर वोट करने की अपील कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को बिहार के नवादा में एक चुनावी रैली में लोगों से कहा कि वे याद रखें रामनवमी आ रही है और जिन्होंने पाप किया है उनको वोट के जरिए सजा देनी है। एक तरफ इस नाम पर वोट लेने की कोशिश है और दूसरी ओर भाजपा इस प्रचार में लगी है कि कांग्रेस और दूसरी तमाम विपक्षी पार्टियों ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का विरोध किया था। संभवतः प्रधानमंत्री इसे ही पाप बता कर इसकी सजा देने की अपील कर रहे थे। यह अलग बात है कि किसी विपक्षी पार्टी ने राम मंदिर का विरोध नहीं किया था। वैसे भी राम मंदिर का निर्माण सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद हो रहा था और सुप्रीम कोर्ट के फैसले को सभी पार्टियों ने स्वीकार कर लिया था। फिर भी भाजपा विपक्षी पार्टियों को इस नाम पर पापी बता रही हैं और रामनवमी के त्योहार के दो दिन बाद उनको सजा देने की अपील कर रही है। पता नहीं चुनाव आयोग तक भी यह बात पहुंची ही होगी लेकिन चुनाव आयोग से क्या उम्मीद करना!

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जिला रेडक्रॉस की पहल, एरंडोल में ब्लड बैंक का उद्घाटन

**मुंबई हलचल/सुरेश कोहली**

**जलगाँव।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ब्लड सेंटर जलगांव के तहत जिले के एरंडोल में ब्लड बैंक का उद्घाटन किया गया। इस दौरान डॉक्टर, सामाजिक कार्यकर्ता, रक्तदान शिविर आयोजक व एरंडोल, धरनगांव, कसौदा, पारोला व भडगांव तहसील क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।एरंडोल तहसील डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सुधीर काबरा, पारोला अध्यक्ष महेश पवार, धरनगांव से डॉ. मिलिंद दहाले, डॉ.अरुण कुलकर्णी, एरंडोल पुलिस निरीक्षक सतीश गोराडे, रेडक्रॉस के उपाध्यक्ष गनी मेमन, अध्यक्ष विनोद बियानी, ब्लड सेंटर अध्यक्ष डॉ. प्रसन्न कुमार रेडासानी, आपदा प्रबंधन अध्यक्ष सुभाष सांखला, सह प्रशासनिक अधिकारी डॉ.राजेश सुरलकर, सुखकर्ता फाउंडेशन से नरेन्द्र ठाकुर एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। रेडक्रॉस ब्लड सेंटर के



चेयरमैन डॉ. प्रसन्नकुमार रेडासानी ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए ब्लड सेंटर की नवीनतम तकनीक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.सुधीर काबरा ने इस रोगी सेवा की सराहना की और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। धरनगांव डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. मिलिंद दहाले ने संकट के समय रक्त की कमी से होने वाली कठिनाइयों और इस भंडारण केंद्र के लाभ पर अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। सखाराम जोशी फाउंडेशन संग्राम जोशी एवं संदीप जोशी ने रक्तदान जागरूकता पर गीत प्रस्तुत किया। ब्रह्माकुमारी केंद्रीय विश्वविद्यालय की पुष्पादीदी ने इस रोगी देखभाल की कामना की और आशीर्वाद दिया। रेडक्रॉस उपाध्यक्ष गनी मेमन ने रेडक्रॉस के माध्यम से चल रही सभी गतिविधियों की जानकारी दी तथा भविष्य में रेडक्रॉस के माध्यम से किये जाने वाले सभी सेवा कार्यों की भी जानकारी दी। मदर हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. किरण पाटिल ने इस रोगी सेवा का अवसर देने के लिए रेड क्रॉस के प्रति आभार व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि यशोदय ब्लड स्टोरेज के माध्यम से रोगी सेवा 24 घंटे जारी रहेगी और उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया। उपस्थित सभी महानुभावों द्वारा यशोदय ब्लड स्टोरेज सेंटर का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित एरंडोल, पारोला धरणगांव, कसोदा, भडगांव के सभी सेवारत डॉक्टरों और रक्तदान शिविर आयोजकों को पल्स ऑक्सीमीटर देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, एरंडोल तालुका के सभी अस्पतालों के पैरामेडिकल स्टाफ को हाइजेनिक किट उपहार में दिए गए। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी उज्वला वर्मा ने किया।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय धजवा में डी ई ओ स्थापना मधुबनी जावेद ने स्कूल के बच्चो और बच्चियों को सम्मानित किए

**मुंबई हलचल/मो सालिम आजाद**

**मधुबनी।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय धजवा बिस्फी स्कूल के बच्चो और बच्चियों का सम्मानित कार्यक्रम रखा गया जिसके मुख्य अतिथि श्रीमान जावेद साहब स्थापना पदाधिकारी मधुबनी ने बच्चों और बच्चियों के बीच किताब और प्रगती पत्र वितरण की गई और इन्होनें बताया के बच्चों और बच्चियों को स्कूल आने और शिक्षा की तरफ रोहजान पैदा करने की गरज से हम लोगों को कभी कभी कार्यक्रम के जरिया सम्मानित करना चाहिए इस का फायदा होगा और बच्चो और बच्चियों के शिक्षा में फर्क होगा और शिक्षा में बेहतर



नतीजा हासिल होगी कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्क्रमित मध्य विद्यालय धजवा नें की जिसका मंच संचालन श्री मनोज कुमार मंडल जी शिक्षक नेता के द्वारा किया गया और जानकारी देते हुए कहा कि छात्र और अभिभावकों को मालूम हो की शिक्षा मानव जीवन का अभिन्न अंग है शिक्षा बिना मानव जीवन अधूरा है इस के द्वारा ही हम समाज का स्तर सुधार सकते हैं शिक्षा से ही सभ्यता संस्कार होता है इस विद्यालय के पोषक क्षेत्र के अभिभावक एवं गणमान्य व्यक्ति की उपस्थिति हुई सभी लोगों ने स्कूल के बच्चो और बच्चियों को हौसला अफजाई की।

# अपने लिए जीना अच्छी बात नहीं, दूसरों के लिए जीना ही असली जिंदगी है: डॉ. मुतीउल्लाह जकाउल्लाह भारती



**मुंबई हलचल/मो सालिम आजाद**

**मधुबनी।** दरभंगा एमएमसीएच भौआरा की नजमा खातून गंभीर रूप से बीमार हैं और फिलहाल अस्पताल में भर्ती हैं कई दिनों से फातिमा मेडिकल हॉल के मालि डॉ.मुतीउल्लाहजकाउल्लाह ने अलग-अलग लोगों से अनुरोध किया कि इस नजमा खातुन को एक यूनिट रक्त की आवश्यकता है, लेकिन दुर्भाग्य से हमारे मित्र दीपक कुमार सिंह ने बीबी नजमा खातून के लिए अपना रक्तदान किया और आशा करते हैं कि लोग उनकी मिसाल और भाईचारे को देखेंगे, हिंदू मुस्लिम और सिख ईसाई रक्तदान करने के लिए आगे आएंगे ताकि किसी की जान बचाई जा सके इनहो ने कहा की अपने लिए जीना कोई चमत्कार नहीं है, बल्कि दूसरों के लिए वास्तविक जीवन है रक्तदान करने में कुछ भी गलत नहीं है लेकिन आपको किसी की जान बचाने में खुशी होगी अल्लाह इस पवित्र रमजान के महीने में मेरे दोस्त को उसके अच्छे इरादों में सफल करे।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

### हजरत शाह सकलैन एकेडमी ऑफ इंडिया मुंबई युनीट की जानिब से

# जरुरतमंदों को ईद के लिए ड्रायफ्रूट तकसीम किया गया




**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** मुंबई के भींडी बाजार पीरु लेन सकलैनी मस्जिद के पास हजरत शाह शुजाअत अली मियां ककरालवी चौक में हर साल की तरह ईस साल भी हजरत शाह सकलैन एकेडमी ऑफ इंडिया मुंबई युनीट की जानिब से जरुरतमंदों को ईद का सामान तकसीम किया गया। जिस में सिवय्यां, ड्रायफ्रूट, सक्कर, सुका खजूर, जैसी अनेको आइटम तकसीम किया गया। इस मौके पर हाजी उस्मान घड़ीयाली, शेहजाद कुरेशी, इम्तियाज जरीवाला, रउफ सुल्तान सकलैनी, एजाज सकलैनी, मोहम्मद सकलैनी, सिराज जरीवाला, इमरान मोबाइल, शोएब म्यानुंर जोगेश्वरी, यासीन कुरेशी कुर्ला, इल्यास कुरेशी कुर्ला, असफाक भाई केलेवाला, अजीम सकलैनी, इद्रीस सकलैनी मुंब्रा, पप्पू भाई सकलैनी गोवंडी, मौजूद रहे और जरुरतमंदों को ईद के सामान में द्राय फ्रुट तकसीम किया गया। हजरत शाह सकलैन एकेडमी ऑफ इंडिया देश भर में जरुरतमंदों के लिए इज्तेमाई शादीयां करवाना, स्कुल फीस में मदद करना, जरुरतमंदों को राशन तक्सीम करना जैसे अनेकों कामों को अंजाम देते हैं और हमेशा कार ए खैर के काम करती है।

## फिलिस्तीनो का कत्ल आम बंद हो, भारत उठाएं आवाज



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**बिजनौर।** फिलिस्तीनियों पर होने जुल्म बमबारी के खिलाफ भारत के राष्ट्रपति द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की तरफ से विरोध जाते जाए और शांति व्यवस्था बहाल करने का प्रयास करें मानवता के लिए आगे आए। प्रयास इतनी तेज करने चाहिए की ईद से पहले युद्ध विराम हो, शांति व्यवस्था बहाल हो। हल्दौर क्षेत्र की जामा मस्जिद में शिया समाज 'मुसलमानो' ने यौमे कुद्स मनाया। इमाम जुमा वल जमात मौलाना सैय्यद मैहदी अब्बास जैदी ने कहा कि यौमे कुद्स जुल्म के खिलाफ आवाज उठाने का मौका है। रमजान के आखिरी जुमे को इसकी शुरूआत आयतुल्लाह खुमैनी ने की थी। मौलाना ने कहा कि इजराइल की फौज सालों से फिलिस्तीन के लोगों पर जुल्म कर रही है। निहत्थे लोगों पर गोलियां चलाई जा रही हैं। यह सब अमेरिका की शह पर हो रहा है और आतंकवाद के नाम पर मुसलमानों को बदनाम किया जा रहा है। पूरी दुनिया में जहां-तहां हो रहे जुल्म के खिलाफ विरोध प्रकट करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ से गाजा में जारी इजराइली बर्बरता पर तत्काल कार्यवाई की जाए और इसके बहष्किार के लिये वैश्विक जनमत जुटाया जाए, गाजा के लोग और खास तौर पर बच्चे भुकमरी का शिकार हैं उन तक राहत सामग्री पहुँचाने की हर मुमकिन कोशिश की जाए, फिलिस्तीनियों के नरसंहार के अपराध में इजराइल पर अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में मुकदमा चलाया जाए और उसे जंगी मुजरिम घोषित किय जाए, गाजा से इजराइली सैनिकों को बाहर निकाला जाए और उनके पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करें, बैतुल मुकद्दस मुसलमानों का पहला किब्ला है इसे मुसलमानों को सौपा जाए आदि मांग की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ सोशल मीडिया पर पोस्ट करने को कहते हुए कहा कि दुनिया को बतादें की हमारा ताल्लुक करबला से है हम जुल्म और जालिम के साथ नही हैं हम मजलूम के साथ है चाहे वह किसी भी धर्म का हो। इस दौरान मौलाना राहिब अब्बास करबलाई, प्रधान आफाक हुसैन, राहत अब्बास, कायम हुसैन, रईस हैदर, मौहम्मद रजा, मुन्तजिर मैहदी, रियाजुल हसन, मौहम्मद अब्बास, डॉक्टर करार जैदी, अली हैदर, काजिम हुसैन, शौकत इकबाल, नवाब हैदर गुलाम पन्जेतन, कमाल जैदी, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## 5 लाख छीन कर भागने वाले आरोपी को डहाणू पुलिस ने किया अरेस्ट




**डहाणू।** डहाणू पश्चिम में रहने वाला एक अट्ठाईस वर्षीय ठेकेदार 6 अप्रैल को डहाणू शहर की स्टेट बैंक शाखा से साढ़े पांच लाख रुपये कैश निकाले गए। उसे बाइक की डिक्की में रखकर वह एक दुकान पर खरीदारी करने चला गया। परानाका में अपने आवास के लिए ईरानी रोड से निकलने के बाद, डिकियेट अपने सामान की जाँच करने के लिए सड़क के किनारे रुके। तभी कंकराडी से डहाणू रेलवे स्टेशन जा रहे दोपहिया वाहन सवार आरोपी गणेश पांडुरंग दलवी ने जबरन साढ़े पांच लाख रुपये से भरा बैग खींच लिया और भाग गया। इस बीच, ठेकेदार ने तुरंत दहानू पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, पुलिस ने जांच की और मुंबई अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग के पास कासा पुलिस स्टेशन से संपर्क करके घटना की जानकारी दी। इसलिए, भाग रहे आरोपी को चारोटी नाका पर पकड़ लिया गया और दहानू पुलिस स्टेशन लाया गया। आरोपी जव्हार का रहने वाला है और उसके पास से केंद्रीय समाचार चैनल इंडिया न्यूज 28 का पहचान पत्र मिला है। आरोपी को डहाणू अदालत में पेश किया गया और सोमवार तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

## द्वारकामाई चैरिटी संस्था ने पदाधिकारियों को दिया मेडिक्लेम कार्ड

**द्वारिकामाई केवल संस्था नहीं, परिवार है- गौरीशंकर चौबे**



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** द्वारिकामाई चैरिटी संस्था देश की ऐसी पहली सामाजिक संस्था बन चुकी है जो अपने निष्ठावान, कर्मठ, सक्रिय पदाधिकारियों को मेडिक्लेम कार्ड की सुविधा प्रदान कर रही है। अब तक किसी भी एनजीओ ने इस तरह की पहल नही की है। द्वारिकामाई केवल संस्था नहीं बल्कि परिवार है, यह वाक्य चरितार्थ कर दिया है। मुंबई उपनगर मालाड पूर्व स्थित शिवाजी नगर के हनुमान मंदिर में मेडिक्लेम कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। सभी लाभार्थियों ने संस्था के अध्यक्ष गौरीशंकर चौबे का आभार जताया और उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर संस्था के मुंबई अध्यक्ष एड. जितेंद्र शर्मा सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### स्पा पार्लर में चल रहा था सेक्स रैकेट

पिंपरी-चिंचवड़ पुलिस की मानव तस्करी विरोधी इकाई (एएचटीयू) ने रविवार को हिंजेवाड़ी इलाके में ब्रीथ स्पा में अचानक छापेमारी की। इससे मसाज की आड़ में चल रहे वेश्यावृत्ति रैकेट का खुलासा हुआ। एएचटीयू के पुलिस निरीक्षक देवेंद्र चव्हाण के मुताबिक, यूनिट ने एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई की। जहां आरोपी युवतियों को वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर कर रहे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपियों के खिलाफ हिंजेवाड़ी पुलिस स्टेशन में अनैतिक तस्करी (रोकथाम) अधिनियम, 1956 की धारा 3 और 7 और आईपीसी की धारा 370 (3), 34 के तहत केस दर्ज किया गया है।

### मुंबई उत्तर-पश्चिम से उद्धव गुट के प्रत्याशी अमोल कीर्तिकर पर ईडी कसेगी शिकंजा?

सूत्रों के मुताबिक, ईडी आज 'खिचड़ी' घोटाले में हुए कुछ कथित वित्तीय लेनदेन के संबंध में अमोल कीर्तिकर से पूछताछ करेगी। केंदीय जांच एजेंसी ने कीर्तिकर को मुंबई स्थित ईडी दफ्तर में पेश होने के लिए कहा था। इससे पहले उन्हें 27 मार्च को पेश होने के लिए कहा गया था, जिस दिन उद्धव गुट ने उन्हें मुंबई उत्तर-पश्चिम सीट से चुनाव लड़ने के लिए उनके नाम की घोषणा की थी। ईडी ने इस साल की शुरूआत में इस मामले में शिवसेना (यूबीटी) गुट के एक पदाधिकारी सूरज चव्हाण को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने इस मामले में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) गुट के नेता संजय राउत के छोटे भाई संदीप राउत से भी पूछताछ की थी।

### झगड़ा होने पर सीने और पेट में घोंपा चाकू

वह एक पान की दुकान के पास सिगरेट पी रही थी, तभी युवक ने कथित तौर पर उनको घूरकर देखा और फब्तियां कसी, जिस वजह से दोनों युवतियां उससे भिड़ गयीं। अधिकारी ने बताया कि मृतक रंजीत राठौड़ ने कथित तौर पर आरोपी जयश्री पानझाडे (24) और सविता सायरे (24) पर अभद्र टिप्पणी की थी। घटना के समय दोनों बाजार में कपड़े खरीदने के लिए आयी थीं। इसके बाद उनके बीच तीखी नोंकझोक हुई। इसके बाद जयश्री ने अपने 28 वर्षीय दोस्त आकाश दिनेश राउत को फोन कर घटनास्थल पर बुलाया।

### बेटी के नाम पर ली रिश्वत

उन्होंने कहा कि संजय राउत खिचड़ी घोटाले के सूत्रधार हैं। निरुपम ने संजय राउत को खिचड़ी स्कैम में गिरफ्तार करने की मांग की। उन्होंने कहा कि उत्तर पश्चिम मुंबई से शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के उम्मीदवार खिचड़ी चोर को ईडी ने बुलाया है। यहां के मतदाताओं को पता चलना चाहिए, लेकिन यह अकेला खिचड़ी चोर नहीं है। संजय निरुपम ने कहा कि संजय राउत खीचड़ी घोटले के किंगपिन हैं लेकिन उनकी बीवी और भाई के बारे में बोलूं तो ठीक नहीं लगेगा। राउत ने अपनी बेटी के नाम पर रिश्वत ली है वो भी चेक से।

## खबर संक्षेप

### कर्नाटक में कई परीक्षा की इजाजत नहीं



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाई कोर्ट के 22 मार्च के उस आदेश पर रोक लगा दी है जिसमें राज्य बोर्ड से संबद्ध स्कूलों में कक्षा 5, 8, 9 और 11 की बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने की इजाजत दी गई थी। न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली बेंच कर्नाटक स्टेट को निर्देश दिए हैं कि वह परीक्षा पर रोक लगाए रखे और किसी भी कीमत पर छात्रों या पैरेंट्स को रिजल्ट के बारे में सूचित न करे।

### गो फर्स्ट को मिली एक और लाइफलाइन



**नई दिल्ली।** कर्ज में फंसकर डूब चुकी गो फर्स्ट एयरलाइन को एक और लाइफलाइन दी गई है। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने सोमवार को एयरलाइन का मोरेटेरियम 60 दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। इससे गो फर्स्ट को कॉरपोरेट इनसॉल्वेंसी रेजोलुशन प्रोसेस पूरा करने का और समय मिल जाएगा। एयरलाइन ने हाल ही में कोर्ट को जानकारी दी थी कि उसने 2 रेजोलुशन प्लान फाइनल किए हैं।

### चुनाव आयोग ने बताया ईवीएम का सच



**नई दिल्ली।** साल 2019 में 300 से ज्यादा लोकसभा सीटों पर ईवीएम यानी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के जरिए हुए गलत मतगणना के दावे को ईसीआई ने फर्जी करार दिया है। भारत निर्वाचन आयोग का कहना है कि कुल मतदाताओं और डाले गए मतों की संख्या में कोई बेमेल नहीं है। एक वायरल वीडियो में दावा किया जा रहा था कि कई सीटों पर मत अलग है।

## आधा दर्जन शिकायतें चुनाव आयोग से

# पीएम की टिप्पणी और द केरल स्टोरी के प्रसारण पर आपत्ति

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया कि पार्टी नेता सलमान खुर्शीद, पवन खेड़ा, मुकुल वासनिक और गुरदीप सप्पल ने केंद्रीय चुनाव आयोग से मुलाकात की और छह शिकायतों पर बहस की।

जिनमें से दो शिकायतें प्रधानमंत्री और भाजपा नेता नरेंद्र मोदी के खिलाफ उनकी मुस्लिम लीग संबंधी टिप्पणी के लिए थी। दूरदर्शन पर केरल स्टोरी दिखाने को लेकर भी शिकायत दर्ज कराई गई है। साझा किए गए दस्तावेज़ों से, कांग्रेस ने शिकायत की है कि पीएम मोदी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस के घोषणापत्र पर भारत को विभाजित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया।



### फिल्म को बताया विवादित

कांग्रेस ने चुनाव आयोग से दूरदर्शन पर विवादास्पद फिल्म 'द केरल स्टोरी' को दिखाए जाने को लेकर भी अपनी शिकायत दर्ज कराई है। सुदीप्तो सेन निर्देशित यह केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और विपक्षी कांग्रेस के विरोध के बावजूद दूरदर्शन ने पिछले हफ्ते 'द केरल स्टोरी' फिल्म का प्रसारण किया था। फिल्म केरल की महिलाओं के एक समूह पर केंद्रित है जिन्हें इस्लाम अपनाने और आतंकी संगठन आईएसआईएस में शामिल होने के लिए विवश किया गया था।

### समान अवसर सुनिश्चित करे आयोग

इस बीच, जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह चुनाव आयोग के लिए सभी दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करके अपनी स्वतंत्रता प्रदर्शित करने का समय है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि नेताओं ने चुनाव आयोग के समक्ष कई मुद्दे उठाए और जिस तरह से प्रधानमंत्री ने पार्टी के घोषणापत्र को मुस्लिम लीग का दर्जा दिया।

## सीजेआई चंद्रचूड़ ने जजों के रवैए पर जताई चिंता और बोले

# ईमानदारी से कहूं तो...मामलों को लंबे समय तक रिजर्व रखते हैं जज

बाद में मौखिक दलीलें मायने नहीं रखती हैं

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ अपने अहम फैसलों के लिए जाने जाते हैं। वे अब तक कई बड़े मामलों की सुनवाई कर चुके हैं। एक बार फिर से उन्होंने सोमवार को बड़ा बयान दिया है। सीजेआई ने जजों द्वारा लंबे समय तक अदालती मामलों को रिजर्व रखे जाने पर चिंता जताई है। उन्होंने दो टूक कहा कि ईमानदारी से कहूं तो इतने समय के बाद मौखिक दलीलें मायने नहीं रखती हैं।

कोर्ट की सुनवाई और फैसलों पर रिपोर्ट करने वाली 'बार एंड बेंच' के अनुसार, सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि चिंता का विषय यह है कि जज बिना फैसलों के 10 महीने से अधिक समय तक मामलों को रिजर्व रखते हैं। मैंने सभी हाई कोर्ट को लिखा है। लेटर के बाद मैंने देखा है कि कई जज केवल मामलों को रिजर्व कर रहे हैं और सूचीबद्ध कर रहे हैं। इसके अलावा, आंशिक सुनवाई भी कर रहे हैं। ईमानदारी से कहूं तो इतने लंबे समय के बाद मौखिक दलीलें मायने नहीं रखतीं और जज भूल जाते हैं।

> सीजेआई ने कहा कि चिंता का विषय यह है कि जज बिना फैसलों के 10 महीने से अधिक समय तक मामलों को रिजर्व रखते हैं। ईमानदारी से कहूं तो लंबे समय के बाद मौखिक दलीलें मायने नहीं रखतीं।

### खास बात

- सीजेआई ने कहा मेरे-लेटर के बाद मैंने देखा है कि कई जज केवल मामलों को रिजर्व कर रहे हैं

### संविधान के प्रति रहें वफादार



बता दें कि पिछले दिनों नागपुर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के शताब्दी वर्ष समारोह को संबोधित करते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने वकीलों के लिए अहम संदेश दिया था। सीजेआई ने वकीलों से किसी राजनैतिक दल के लिए नहीं, बल्कि संविधान के प्रति वफादार रहने के लिए कहा था। सीजेआई ने कहा कि वकीलों को कोर्ट और भारतीय संविधान को अपने राजनीतिक झुकाव और विश्वास से ऊपर रखना चाहिए।

### लोगों का दिखता है लगाव

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीजेआई ने कहा कि हमारे जैसे जीवंत और तर्कशील लोकतंत्र में, अधिकांश व्यक्तियों की एक राजनीतिक विचारधारा और झुकाव होता है। अरस्तू के शब्दों में, मनुष्य राजनीतिक प्राणी हैं। वकील कोई अपवाद नहीं हैं। बार के सदस्यों के लिए, किसी की सर्वोच्च निष्ठा पक्षपातपूर्ण हित के साथ नहीं बल्कि अदालत और संविधान के साथ होनी चाहिए। कई मायनों में, स्वतंत्र बार कानून के शासन और संवैधानिक की रक्षा के लिए नैतिक कवच है।

### हम हाई कोर्ट के बोझ से अवगत हैं

सीजेआई चंद्रचूड़ ने आदेश सुनाते हुए आगे कहा कि हमें उम्मीद है कि देश के ज्यादातर हाई कोर्ट्स में यह चलन नहीं है। हम मानते हैं कि किसी भी मामले की पर्याप्त अवधि तक सुनवाई होने के बाद उसे इस स्तर पर जारी करने से देरी, दुर्दशा और वादकारियों की कानूनी फीस बढ़ जाती है। सीजेआई के नेतृत्व वाली बेंच ने हाई कोर्ट से मामले का शीघ्र निपटारा करने और पहले संक्षिप्त सुनवाई के लिए कार्यवाही को फिर से सूचीबद्ध करने के लिए कहा है। हालांकि, बेंच ने यह भी कहा कि हम हाई कोर्ट के बोझ से अवगत हैं।

## आईबी की रिपोर्ट के बाद वाय प्लस की मिली सुरक्षा

# ओवैसी के खिलाफ चुनाव लड़ रहीं माधवी लता की सुरक्षा में तैनात किए 11 कंमाडो,हिंदुत्व की बनी है छवि

मुस्लिम समुदाय की महिलाएं भी हैं लता की समर्थक

> लोकसभा चुनाव से पहले हैदराबाद से भाजपा उम्मीदवार माधवी लता की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। खुफिया रिपोर्ट में उनकी सुरक्षा को लेकर खतरे का संदेह जताया गया था। पीएम नरेंद्र मोदी माधवी की कर चुके हैं तारीफ।

मुंबई हलचल / हैदराबाद

हैदराबाद में एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ चुनाव लड़ रहीं भाजपा की माधवी लता की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। आईबी की रिपोर्ट के बाद यह फैसला लिया गया है। उन्हे वाय प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करते हुए 11 कमांडो तैनात कर दिए गए हैं। इससे पहले एक टीवी के कार्यक्रम में माधवी ने जिस तरह से सवालों के जवाब दिए थे उसकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सराहना की थी।

माधवी लता सोशल मीडिया पर हिंदुत्व समर्थक के रूप में मशहूर हैं और तीन तलाक पर अपने बयानों के बाद चर्चा में आई थीं। इसके बाद माधवी लता सुर्खियों में आ गई। सूबे में उन्हें कट्टर हिंदुत्व का चेहरा माना जाता है। इसलिए उनकी सुरक्षा को केंद्र सरकार ने गंभीरता से लिया है। भाजपा ने उन्हें हैदराबाद से एआईएमआईएम के प्रमुख ओवैसी के खिलाफ मैदान में उतारा है।

### कौन हैं माधवी लता?



रिपोर्ट के मुताबिक एक पेशेवर भरतनाट्यम नृत्यांगना माधवी लता इसके पहले राजनीति में सक्रिय नहीं रही हैं। हालांकि कई कारकों के कारण भाजपा ने उन्हें ओवैसी से मुकाबला करने के लिए उनके गढ़ में अपना उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने हैदराबाद में कभी भी किसी महिला को मैदान में नहीं उतारा है। माधवी लता के बारे में कहा जाता है कि वह पुराने शहर के कुछ हिस्सों में सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय हैं। पार्टी उनके कार्यों के जरिए मुस्लिम वोटों में बंटवारा कर सकती है। अपने हिंदुत्व समर्थक भाषणों के लिए मशहूर माधवी लता ने तीन तलाक के खिलाफ भी अभियान चलाया था। कहा जाता है कि वह विभिन्न मुस्लिम महिला समूहों के संपर्क में हैं। लता लाथम्मा फाउंडेशन और लोपामुद्रा चैरिटेबल ट्रस्ट की ट्रस्टी हैं और निराश्रित मुस्लिम महिलाओं की आर्थिक मदद भी करती रहती हैं।

### पीएम मोदी भी हुए माधवी के मुरीद

माधवी लता ने एक न्यूज चैनल के शो में ऐसा बेबाक रूप दिखाया कि खुद पीएम नरेंद्र मोदी ने उनकी तारीफ की पीएम मोदी ने ट्वीट किया कि माधवी लता जी, आपका एपिसोड असाधारण है। आपने बहुत ठोस मुद्दे उठाए हैं, साथ ही तर्क और जुनून के साथ ऐसा किया है। मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं। मैं सभी से इस कार्यक्रम का दोबारा प्रसारण देखने का भी आग्रह करता हूं। जो कि जानकारीपूर्ण लगेगा।

## जांच एजेंसियों के प्रमुखों को हटाने की मांग

# चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर टीएमसी के सांसदों का प्रदर्शन

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर विभाग के प्रमुखों को बदलने की मांग को लेकर सोमवार को यहां निर्वाचन आयोग कार्यालय के बाहर 24 घंटे के धरने पर बैठे तृणमूल कांग्रेस के नेताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। वहीं कांग्रेस ने इसी मामले को लेकर भी शिकायत दर्ज कराई है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांग को लेकर दबाव बनाने के लिए निर्वाचन आयोग (ईसी) की पूर्ण पीठ से मिलने के बाद धरने की



घोषणा की थी। तृणमूल सांसद डेरेक ओ ब्रायन, मोहम्मद नदीमुल हक, डोला सेन, साकेत गोखले और सागरिका घोष, विधायक विवेक गुप्ता, पूर्व सांसद अर्पिता घोष, शांतनु सेन और अबीर रंजन विश्वास और छात्र शाखा की बंगाल इकाई के उपाध्यक्ष सुदीप राहा को हिरासत में ले लिया गया।

# जस्टिस लीग: सच्चे को गले लगाओ

मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** हिंदुजा कॉलेज के रोटारैक्ट क्लब ने शिव शक्ति फाउंडेशन के साथ मिलकर, जो ट्रांसजेंडर समुदाय को सशक्त बनाने की दिशा में काम करता है, हाल ही में बहुप्रतीक्षित जस्टिस लीग कार्यक्रम की मेजबानी की, जो समावेशिता और सशक्तिकरण का एक जीवंत उत्सव है। 21 मार्च, 2024 को कॉलेज परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में ट्रांसजेंडर समुदाय की विविध पृष्ठभूमि के प्रतिभागियों की प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया, जो अपने अधिकारों की वकालत करने के लिए एक साथ आए थे।



संकेत सावंत, जिन्हें 'जेंटलमैन गागा' के नाम से भी जाना जाता है, और नव्या सिंह द्वारा जज किया गया, इस कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को अपनी कहानियों और सशक्तिकरण के संदेशों को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान किया। शायरी, कविताओं और भाषणों सहित मंत्रमुग्ध प्रदर्शन के माध्यम से, उपस्थित लोगों को साझा की गई याद दिलाई गई मानवता जो हम सभी को एकजुट करती है, साथ ही ट्रांसजेंडर समुदाय के संघर्षों और जीत पर भी प्रकाश डालती है। मनोरंजन से परे, जस्टिस लीग ने भेदभाव और समावेशिता के महत्व जैसे मुद्दों को संबोधित करते हुए शिक्षा और वकालत के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। लावणी और कथक के प्रदर्शन ने भारत की सांस्कृतिक समृद्धि



और विविधता में पाई जाने वाली ताकत को उजागर किया। शाबो शेख ने 'विनर जस्टिस लीग' का खिताब जीता, जिसमें जयु ने प्रथम रनर-अप का स्थान हासिल किया और निकिता बांद्रे ने दूसरे रनर-अप का खिताब जीता। शिवशक्ति फाउंडेशन के संस्थापक विक्की शिंदे को उनके समर्थन के लिए हमारी सराहना और आभार व्यक्त करने के लिए एक पुरस्कार प्रदान किया गया।

दोनों न्यायाधीशों ने प्रतिभागियों के साहस और रचनात्मकता की सराहना की और सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देने में कार्यक्रम की भूमिका पर जोर दिया। जस्टिस लीग ने उपस्थित लोगों को बातचीत जारी रखने के लिए प्रेरित और उत्सुक किया, और अधिक न्यायसंगत और समावेशी भविष्य के लिए विविधता को अपनाने के महत्व की पुष्टि की।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले में पहली बार दिखा क्लाइमेट और इकोलॉजी के बीच संतुलन

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने क्लाइमेट और इकोलॉजी को बैलेंस करते हुए कोयले और गैस से चलने वाले बिजली उत्पादन के बदलाव और लगभग खत्म हो चुके ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (गोडावण) पक्षी की रक्षा के बीच संतुलन बनाया है। यह पक्षी मुख्य रूप से राजस्थान में पाया जाता है। जलवायु परिवर्तन के खतरों के बीच सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार क्लाइमेट और इकोलॉजी के बीच संतुलन साधने वाला आदेश दिया है। शीर्ष कोर्ट ने कोयले और गैस से चलने वाले बिजली उत्पादन के बदलाव और लगभग खत्म हो चुके ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (गोडावण) पक्षी की रक्षा के बीच संतुलन बनाया है। यह पक्षी मुख्य रूप से राजस्थान में पाया जाता है। जजों ने अप्रैल 2019 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया था। वह आदेश राजस्थान और गुजरात में 90,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में बिजली ट्रांसमिशन लाइनों पर रोक लगाता था। यह रोक सौर ऊर्जा उत्पादन को काफी कम कर देता था और 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को 450 गीगावॉट तक बढ़ाने के लक्ष्य को खतरे में डाल सकता था। अब, सुप्रीम कोर्ट ने गोडावण के 13,000 वर्ग किलोमीटर के मुख्य आवास को छोड़कर, 77000 वर्ग किलोमीटर में बिजली ट्रांसमिशन लाइनों पर लगी रोक हटा दी है। इस केस का फैसला रविवार को अपलोड किया गया। इसके अनुसार नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने और पक्षियों की सुरक्षा के बीच संतुलन बनाने पर केंद्रित था। बिजली के तारों से टकराने से ज्यादातर गोडावण पक्षी मर जाते हैं, इसलिए पर्यावरणविद एम. के. रंजीतसिंह की दलीलों के आधार पर हाई वोल्टेज तारों पर रोक लगाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने इस मुद्दे की पूरी जांच के लिए सात सदस्यों की एक नई विशेषज्ञ समिति गठित की है।

# आरिफ नसिम खान ने सभी धर्म के लोगों को निमंत्रण देकर एक साथ किया रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन

## हिंदुस्तान गंगा जमना तहजीब का मालीक हैः पूर्व सांसद मौलाना उबैदउल्लाह

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** हर साल के मुताबिक इस साल भी माजी मंत्री एंव महाराष्ट्र प्रदेश काँग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष आरीफ खान ने सभी धर्मो के लोगो को इफ्तार पार्टी का निमंत्रण देकर एकसाथ जोडकर एक अनोखा रोजा इफ्तार पार्टी का बडे पैमाने पर आयोजन किया। जिसमें हजारो लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री श्री पृथ्वीराज चव्हाण, पुर्व सांसद मौलाना उबैदउल्लाह, मुंबई मॉयनॉरीटी काँग्रेस के अध्यक्ष हाजी इब्राहिम भाईजान, फिल्म अभिनेता शाहबाज खान, काँग्रेस प्रवक्ता निजामुद्दीन राईन, मुंबई युथ काँग्रेस के अध्यक्ष अखिलेश यादव और हर वर्ग के धार्मिक धर्मगुरु गणमान्य लोग शामिल हुए थे। रमजान उल मुबारक के महिने के अंतिम दिनों में मुंबई सहीत कुर्ला में लगातार रोजा इफ्तार पार्टीयों का सिलसिला जारी है। वही रविवार को मुंबई के सेंट ज्युड स्कूल, काजुपाडा कुर्ला में दावत - ए- इफ्तार का आयोजन दावत ए रोजा इफ्तार पार्टी का पूर्व मंत्री आरि फ नसिम खान ने आयोजन किया था। पुर्व मंत्री आरीफ नसिम खान ने सभी आमत्रित रोजेदारो का खैरमकदम करते हुए कहा कि रोजा इफ्तार पार्टी के आयोजन से आपसी प्रेम व सौहार्द को बढावा मिलता है। उन्होने कहा की हमें रोजे रखने के साथ ही जितना हो सके नेक आमाल करना चाहिए और ईद के पहले अपने पडोसियों असहायों व गरीबों से मिलकर उनकी मदद करनी चाहिए ताकि उनकी भी अच्छी तरह से हो सके ।रोजा इफ्तार के बाद मगरिब की नमाज भी सामूहिक रूप से अदा की गई जिसमें सभी ने मुल्क की तरक्की व भाईचारे के साथ ही अमन चैन कायम रखने की खुदा से दुआ भी मांगी। इस वक्त माजी मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण एंव



पूर्व सांसद उबैदउल्लाह और मुंबई प्रदेश मॉयनॉरीटी काँग्रेस के अध्यक्ष हाजी इब्राहिम भाईजान ने मिडिया के सामने अपने खयालात पेश किए। पूर्व सांसद मौलाना उबैदउल्लाह ने रमजान महिने का मकसद दावत ए इफ्तार में आए हुए सभी लोगो से मुखातिब होकर कहा की रमजान के महिने मे कुराण मोहम्मद सल्ल. पर मुकम्मिल नाजिल हुआ। और कुराण दुनिया में आया किस लिए कुराण आने का मकसद बताया कि इन्सान कि हिदायत के लिए इस दुनिया मे कुराण आया है। कुराण हमे बताने आया है के अच्छाई कि राह क्या है और बुराई कि राह क्या है। बुराई कि राह पर चलने से इन्सान किस तरहा बर्बाद होता है। और अच्छाई की राहपर चलने से इन्सान किस तरहा आबाद होता है। लोगो कि मदद करने में इन्सानियत किस तरहा आगे बढती है और लोगो कि हत्या करने मे इन्सानियत किस तरहा बर्बाद होती है। लोगो को खिलाने में और पिलाने में कि तरहा इन्सानियत का भविष्य उज्वल होता है। और लोगो का हक छिनकर खुद खा लेने में किस तरहा इन्सानियत तबाही और बबार्दी का शिकार होती है। यह महिना गरीबो की मदद करने का महिना है भुखो को खिलाने और प्यासो का पिलाने का और आपस में एक दुसरे से भाईचारा और मोहब्बत करने का महिना है। हम जिस वतन में रहते है हमारे वतन का नाम हिंदुस्थान है यह हिंदुस्थान गंगा जमनी तहजीब का मालीक है। यह महिना हमें इस बात का संदेश देता है, इस मुल्क मे जितने भी कौमे है किसी भी धर्म के हो आखिर इन्सान है। इन्सान होने के हैसियत से हमे एक दुसरे का अदब और एहतेराम करना जरुरी है। उन्हाने कहा की हमे छोटोपर रहम करना चाहीए और बडो की इज्जत करना चाहीए चाहे वह किसी भी मजहब का हो। अखिर में दुवा में कहते हुए कहा की अल्लाह हमे एक अच्छा इन्सान बनाने कि तौफिक दे। आगे कहा अखिर में दुवा में कहते हुए कहा की अल्लाह हमे एक अच्छा इन्सान बनाने कि तौफिक दे। आगे कहा इस मौके पर प्रमुख रुप से, बहोत सारे नेता, हर धर्म के धार्मिक धर्मगुरु लोग सामाजिक शैक्षणिक संस्थान के पदाध्किारी मंच पर मौजुद थे। काँग्रेस पार्टी के गणमान्य लोग, शिवसेना के गणमान्य लोग एंव राष्ट्रवादी काँग्रेस शरद पवार गुट के गणमान्य लोग मौजुद थे। काँग्रेस पदाधिकारीयों में डीएफएस डेवलपर बिल्डर फजल सौदागर, ऑल इंडिया काँग्रेस वर्कस कमिटी मुंबई अध्यक्ष एंव महाराष्ट्र महासचिव पत्रकार जफरसिद्दीकी खान, उत्तर मध्य जिला ऑल इंडिया काँग्रेस वर्कस कमिटी के जिलाअध्यक्ष उसमान खान, एड सुप्रिया पाठक,हाजी रफीक, मुबारक भाई पत्रकार बंधु, माजी मंत्री आरीफ नसिमखान के हजारो कार्यकर्ता दावत ए इफ्तार में हुए शामिल।

---

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बोले

# सशस्त्र बलों के लिए संयुक्त संस्कृति विकसित करने की है आवश्यकता

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

त्रि-सेवा सम्मेलन 'परिवर्तन चिंतन' का नई दिल्ली में आयोजन किया गया। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने सशस्त्र बलों के लिए एक संयुक्त संस्कृति विकसित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए 'चिंतन' की शुरुआत की। उन्होंने ऐसी संरचनाओं का निर्माण करके प्रत्येक सेवा की क्षमताओं को एकीकृत करने की आवश्यकता पर भी जोर देते हुए कहा कि जो हमारी दक्षता को बढ़ाती हों और हमारी युद्ध लड़ने की क्षमता व अंतरसंचालनीयता में भी वृद्धि करती हों।



### उभरती और नवाचारी प्रौद्योगिकियों पर चर्चा

सम्मेलन में अंडमान और निकोबार कमान एवं सामरिक बल कमान के प्रमुखों, रक्षा अकादमी के कमांडेंट, रक्षा सेवा कॉलेज, रक्षा प्रबंधन कॉलेज और सैन्य प्रौद्योगिकी संस्थान, रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी, रक्षा साइबर एजेंसी और रक्षा संचार एजेंसी के प्रमुखों ने भी भाग लिया।

### करेंगे मार्गदर्शन

इंटिग्रेटिव डिफेंस स्टाफ के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जेपी मैथ्यू ने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे विचार-विमर्श भारतीय सशस्त्र बलों में बदलाव के लिए संयुक्त परिचालन संरचनाओं के रूप में दिशानिर्देश उपलब्ध कराएंगे।

---

याचिकाकर्ता पर भड़का कोर्ट

# केजरीवाल को सीएम पद से हटाने की मांग पर हाईकोर्ट ने फटकारा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पद से हटाए जाने की मांग करने वाली याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट से सोमवार को फटकार लगाई। हाई कोर्ट ने कहा कि पब्लिसिटी के लिए ये किया जा रहा है। हम याचिकाकर्ता पर भारी जुर्माना लगाएंगे। आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक रहे संदीप कुमार ने दिल्ली



आबकारी नीति के मनी लॉड्रिंग मामले में सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी और जेल जाने के बाद उन्हें पद से हटाने के लिए कोर्ट का रुख किया था। संदीप की याचिका की हाई कोर्ट के जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने आलोचना की। हालांकि, कोर्ट ने इस याचिका को खारिज नहीं किया।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# आलू बुखारा खाने के 10 कमाल के फायदे, वजन घटाने में भी मददगार



फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर आलूबुखारा,विटामिन और खनिजों का एक बहुत बढ़िया स्त्रोत है। आलूबुखारा जहां हमारे शरीर को कई रोगों से लड़ने में सक्षम बनाता है, वहीं कई पुराने रोगों को भी जड़ से खत्म करने के लिए है। यह एक ऐसा फ्रूट है जिसे कई तरीको से खाया जा सकता है, जैसे कि आप आलूबुखारे को ताज़ा या फिर सुखाकर खा सकते हैं। आलूबुखारे की जैम बहुत स्वादिष्ट बनती है। तो चलिए आज हम आपको आलूबुखारे के हैल्थ और स्किन को होने वाले फायदों को बारे में जानकारी देंगे।

## सेहत को होने वाले फायदे

**आंखों के लिए फायदेमंद** - इसमें मौजूद जेक्सनथिन फाइबर आंखो के रोटीना को हेल्दी रखने में बहुत फायदेमंद है। इसी के साथ आलूबुखारा आंखों को सूरज की यूवी किरणों से होने वाले नुकसान से भी बचाता है।

**कैंसर से बचाए** -आलूबुखारे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स कैंसर की बीमारी से बचे रहने में भी मदद करते हैं। इनमें मौजूद बीटा कैरोटिन शरीर को कैंसर जैसे रोगों से बचा कर रखते हैं। जिन लोगों को यह बीमारी है वे लोग भी अपने डॉक्टर से सलाह लेकर इनका सेवन कर सकते हैं।

**पाचनतंत्र के लिए** - आलूबुखारे को नियमित सेवन करने से आपका पाचन तंत्र हैल्दी बनेगा। अगर आप कब्ज की प्रॉब्लम का सामना कर रहें हैं तो इसका सेवन आपके लिए बहुत जरुरी है। आलूबुखारे में मौजूद आइसटिन और सोर्बिटोल आपके पाचन तंत्र को हैल्दी बनाएगा और कब्ज जैसी प्रॉब्लम से छुटकारा दिलवाएगा।

**कोलेस्ट्रोल को करें बैलेंस** - अगर आपका कोलेस्ट्रोल बड़ा हुआ है तो आलूबुखारे का सेवन उसे कम करने में मदद कर सकता है। आलूबुखारे में मौजूद सोलियबल फाईबर आपके शरीर में मौजूद कोलेस्ट्रोल को शरीर में से खत्म कर देता है।

**वजन कम करने के लिए** - वजन बैलेंस करने के में आलू बुखारे का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। 100 ग्राम आलूबुखारे में केवल 37 प्रतिशत कैलोरी होती है। यदि आप भी अपना वजन कम करने के बारे में सोच रहें हैं तो आलूबुखारे का सेवन आपकी भूख को कंट्रोल करके रखेगा। इसके सेवन से आप एर्नजेटिक फील करेंगे। डाइटिंग के दौरान इसके सेवन से आपको वीकनैस फील नहीं होगी।

**रक्तचाप को करे बैलेंस** - हाई बीपी के पेशेंट इसकी सेवन करके अपनी ब्लडप्रैशर की प्रॉब्लम से छुटकारा पा सकते हैं। यह एक ऐसा फल है जिसके सेवन से शायद ही किसी को कोई नुकसान होता हो। दिन में आप 100 ग्राम आलूबुखारे का सेवन कर सकते हैं। किडनी के पेशेंट इनका सेवन अपने डॉक्टर से सलाह लेकर ही करें।

**हड्डियों के लिए फायदेमंद** - साथ ही हमारी हड्डियों को भी स्वस्थ रखता है।आलूबुखारे में मौजूद विटामिन-के हमारी बोनज की डेंसिटी को बढ़ाता है। ऑक्सीडेटिव तनाव के बढ़ने के कारण हमारी बोनज के टूटने का खतरा बना रहता है।आलूबुखारे में फाइटोन्यूट्रिएंट्स मौजूद होते हैं जो हमारी हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

**मधुमेह में फयदेमंद** - आलूबुखारे को शुगर के मरीज भी खा सकते हैं। इनका खट्टा-मीठा स्वाद शरीर में शुगर लेवल को नहीं बढ़ने देता। इसमें शुगर को बढ़ाने वाले तत्व न मात्र पाए जाते हैं।

**स्किन को होने वाले फायदे** - इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स हमारी त्वचा को लंबे समय तक जवां बनाए रखने में मदद करते हैं। समय से पहले चेहरे पर आने वाली झुर्रियों से इसके डीप फ्रशिंग तत्व बचा कर रखते हैं। आप चाहें तो इससे फेस पैक भी तैयार कर सकते हैं। आपको 1 से 2 आलूबुखारे लेने हैं, जिसमें आधा चम्मच बेसन और शहद को मिला लेना हैं। अब इस फेस पैक को आपको हफ्ते में 2 बार 20 से 25 मिनट के लिए लगाना है। ऐसा करने से आपको कुछ ही दिनों में अपने फेस पर नैचुरल ग्लो देखने को मिलेगा।

**आलूबुखारे के अन्य फायदे** - आलूबुखारे की पत्तियों को पीसकर पेट पर लगाने से पेट के कीड़े मरते है। पित्त से जुड़े विकारों से छुटकारा पाने के लिए इनका सेवन बहुत फायदेमंद होता है। जिन लोगों को खाने के बाद एसिडिटी की प्रॉब्लम होती है, उन्हें खाने से 1 घंटा पहले आलूबुखारे के जूस का सेवन आवश्य करना चाहिए। आलूबुखारे के बीजों में से निकलने वाले बादामों के सेवन करने से खट्टे डकारों की प्रॉब्लम से छुटकारा पाया जा सकता है।



# मिट्टी में खेलने से बच्चों को मिलते हैं यह Benefits

बड़े बुजुर्ग अक्सर कहा करते थे कि मानव शरीर मिट्टी का बना है,यह एक दिन मिट्टी में ही मिल जाएगा। इसका जरुरत से अधिक ध्यान रखने से कुछ नहीं मिलेगा। आज के मां-बाप लाड-प्यार में अपने बच्चों पर मिट्टी का एक कण भी नहीं लगने देते। पुराने जमाने के बच्चे सारा-सारा दिन मिट्टी में खेलते थे,शायद आज की नोजवान पीढ़ी से कहीं अधिक वे स्वस्थ रहते थे। तो चलिए आज जानते हैं कि बच्चों को मिट्टी में खेलने देने से उन्हें क्या-क्या फायदे हो सकते हैं

**मिट्टी में पाए जाने वाले पोषक तत्व** - मिट्टी में खनिज, जल, वायु, कार्बनिक पदार्थ और अनगिनत जीवों के जटिल मिश्रण पाए जाते हैं । मिट्टी को पृथ्वी की त्वचा कहा जाता है। साथ ही यह शरीर को कई बीमारियों से दूर रखने में मदद करते हैं। पुराने जमाने में कोई चोट लग जाने पर खास मिट्टी को लेप लगाकर ही चोट के ठीक किया जाता था। मुल्तानी मिट्टी का फेसपैक मिट्टी में पाए जाने वाले पोषक तत्वों के कारण ही इतना फायदेमंद है। आइए अब जानते हैं मिट्टी में खेलने से बच्चों का क्या-क्या फायदे मिलते है।

**गुड-बैक्टीरिया** - मिट्टी में हेल्थ-फ्रेंडली बैक्टीरिया पाया जाता है। जो बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए बहुत जरुरी है। चाहे गरीब का बच्चा हो या फिर अमीर का। मिट्टी में खेलना हर बच्चे को पसंद होता है। वो अलग बात है कि कई मां-बाप बच्चों को मिट्टी में नहीं खेलने देते, उन्हें डर होता है कि कहीं बच्चों में संक्रमण न फैल जाए।

**रचनात्मक सोच** - बच्चों के दिमाग में सबसे अधिक नए-नए आइडियाज आते हैं। मिट्टी में जब बच्चे खेलते हैं तो वह अपने आइडियाज को रुप देते हैं। रोजाना ऐसा करने से उनकी रचनात्मक सोच में वृद्धि होती है।

**रोग-प्रतिरोधक क्षमता** - आजकल बच्चों को जुकाम बहुत जल्द हो जाता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि बच्चों का इम्युनिटी सिस्टम बहुत कमजोर हो चुका है। अगर आप अपने बच्चों को मिट्टी में खेलने देते हैं तो इससे आपके बच्चे की रोगों से लड़ने की शक्ति बढ़ेगी, साथ ही उन्हें मानसिक तोर पर भी मजबूत बनाता है।

**बीमारियों से बचाव** - युनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टल में हुए एक शोध के अनुसार जो मां-बाप अपने बच्चों को बचपन में मिट्टी में खेलने से रोकते हैं,उन बच्चों को आगे चलकर ब्लड प्रेशर और अन्य कई खतरनाक बीमारियों के होने का खतरा बना रहता है। इसलिए अपने बच्चों को जितना हो सके खुले वातावरण में हंसने और खेलने के लिए भेजा करें।

**इंटैलिजेंट बनते हैं बच्चे** - डॉक्टरों का मानना है कि आजकल बच्चे ज्यादातर इनडोर गेम्स खेलना पसंद करते हैं। मां-बाप बच्चों को वीडियो-गेमस खुद लेकर देते हैं, पर वे इस बात को नहीं जानते कि इन सबके इस्तेमाल से उनका दिमाग डल होता जा रहा है। मिट्टी में खेलने से बच्चों का मस्तिष्क तेज होता है। साथ ही बच्चे वातावरण से जुड़े रहते हैं। उनकी फिजिकल एक्टीविटी भी होती रहती है।

**तनाव को हटाए** - मिट्टी की खुशबू और मिट्टी में उपस्थित सूक्ष्म कीटाणु बच्चों के मूड खुशनुमा बनाए रखता है। इसके अलावा, दुसरे बच्चों के साथ मिट्टी में खेलना उनके तनाव के स्तर को कम करता है, इसलिए बच्चों को मिट्टी में खेलने की अनुमति देना उनको रिलैक्स और शांत रखने में मदद करता है।

**प्रकृति की देखभाल** - जिन बच्चों को खुले वातावरण और मिट्टी में मां-बाप से इजाजत नहीं मिलती, उन बच्चों को प्रकृति के महत्व के बारे में बहुत कम पता होता है। बच्चे जब बाहर खुले वातावरण में खेलने जाएंगे तो प्रकृति रहने से उन्हें प्रकृति के महत्व का पता चलता है।

**त्वचा के लिए फायदेमंद** - मिट्टी में पाए जाने वाले तत्व बच्चों की त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं।

# स्किन एलर्जी से लेकर गठिया दर्द का रामबाण इलाज है कपूर, यूं करें इस्तेमाल



कपूर का इस्तेमाल पूजा-अर्चणा में किया जाता है लेकिन इसकी खूशबू मच्छर-मक्खी, कीट-पतंगों को भगाने में भी काम आती है। इतना ही नहीं, कपूर के कई स्वास्थ्य व सौंदर्य फायदे भी हैं जिनके बारे में शायद ही आप जानते हो। दरअसल, कूपर में एंटीबैक्टिरीयल, एंटीफंगल और एंटी-इन्फ्लैमटरी जैसे अनेक औषधीय गुण होते हैं। इसलिए इसका इस्तेमाल खाज-खुजली, दाग-धब्बे गायब करने के लिए घरेलु तरीके से किया जाता है। चलिए आज हम आपको बताते है कपूर के ऐसे ही ब्यूटी एंड हैल्थ से जुड़े फायदे, जिनके लिए आप कपूर को अलग-अलग तरीके से इस्तेमाल कर सकते हैं।

**दर्द का रामबाण इलाज** - छोटी-मोटी चोट, कमर, गर्दन व पीठ दर्द और सूजन हो जाने पर कपूर रामबाण इलाज साबित होता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण होते है जो दर्द से तुरंत राहत दिलाने में मदद करते हैं। जब चोट व सूजन वाली जगह पर कपूर लगाया जाता है तो आपको थोड़ी झुनझुनी, गर्मी व ठंडक महसूस जरूर होती है लेकिन तुरंत राहत भी मिलेगी।

**मांसपेशियों में ऐंठन** - अगर मांसपेशियां में ऐंठन रहती है तो भी कपूर का इस्तेमाल करें। इसमें मौजूद एंटीस्पास्मोडिक और रिलैक्सेंट गुण ऐंठन से राहत दिलाने में मदद करते हैं। कपूर को ऐंठन वाली जगह पर हल्के हाथों से लगाकर मालिस करें। इससे वहां की कठोर स्किन नरम होगी और आराम मिलेगा।

**गठिया दर्द से राहत** - बदलते लाइफस्टाइल व खानपान के कारण अधिकतर लोग गठिया जैसी बीमारी से ग्रस्त रहते हैं। गठिया मरीजों को अक्सर जोड़ों में दर्द और सूजन की शिकायत रहती हैं। ऐसे में उन्हें कपूर या उससे बने उत्पादों को इस्तेमाल करें। इससे काफी राहत मिलेगी।

**दिमाग को रखे शांत** - बिजी लाइफस्टाइल व काम के प्रेशर के कारण अक्सर लोगों को तनाव व अनिद्रा का सामना करना पड़ता है। ऐसे में कपूर के तेल की खूशबू दिमाग को शांत रखने और बेहतर नींद लाने में असरदार साबित होती है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# 'बड़े मियां छोटे मियां' की नई रिलीज डेट आई सामने




अली अब्बास जफर के डायरेक्शन में बनी 'बड़े मियां छोटे मियां' की रिलीज डेट बदल दी गई है। अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म को देखने के लिए अब आपको थोड़ा और इंतजार करना होगा। लेकिन अगर 10 अप्रैल नहीं तो फिर ये फिल्म कब देखने को मिलेगी? और अचानक रिलीज डेट में बदलाव क्यों किया गया है? आइए आपको इन सवालों के जवाब बताते हैं। 'बड़े मियां छोटे मियां' पहले 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी। लेकिन अब इसकी रिलीज डेट बदल दी गई है। हालांकि, इस फिल्म को देखने के लिए आपको बहुत लंबे समय तक इंतजार नहीं करना होगा क्योंकि मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट सिर्फ एक दिन आगे शिफ्ट की है। यानी अब 'बड़े मियां छोटे मियां' सिनेमाघरों में 10 अप्रैल की जगह 11 अप्रैल को रिलीज होगी। 'बड़े मियां छोटे मियां' की रिलीज डेट ईद पर रखी गई थी। लेकिन इंडिया में ईद 10 अप्रैल को नहीं, 11 अप्रैल को होगी। इस वजह से मेकर्स ने भी फिल्म की रिलीज डेट एक दिन आगे बढ़ा दी है। रिलीज डेट बदलने की वजह से अब इसके पेड प्रिव्यू शोज नहीं चलाए जाएंगे और फैंस सीधे इस फिल्म को सिनेमाघरों में देख पाएंगे।

# जब प्रियंका ने करीना पर मारा था नैशनल अवॉर्ड का ताना



**करण जौहर** का मशहूर टॉक शो जिसमें बॉलीवुड के सभी सेलेब्स बतौर गेस्ट नजर आते हैं। उसमें साल 2019 के शो के आखिरी एपिसोड में करीना कपूर खान और प्रियंका चोपड़ा पहुंची थी। इस खास मौके पर दोनों एक्ट्रेस ने पर्सनल और प्रोफेशनल दोनों से जुड़े कई राज उजागर किया। 2012 के एपिसोड में करण जौहर ने करीना से नैशनल ऑवार्ड न जीतने के बारे में पूछा था तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि यह मेरे लिए इतना जरुरी नहीं है। आपको बता दें कि करीना ने कभी भी नैशनल ऑावर्ड नहीं जीता है जबकि प्रियंका ने 2010 में फैशन के लिए नेशनल ऑवार्ड जीत चुकी हैं। करीना कपूर को जवाब देते हुए प्रियंका चोपड़ा ने कहा था की आपके पास एक (नैशनल ऑवार्ड) नहीं है, तो फिर अंगूर खट्टे है। वहीं करण के कॉफी विद करण के एपिसोड में करीना के सवाल का जवाब देते हुए प्रियंका ने कहा था कि मैंने इंग्लिश बोलने की स्टाइल वहीं से सिखी हैं जहां से करीना कपूर के बॉयफ्रेंड ने सीखा है। आपको बता दें कि करीना उस वक्त सैफ अली खान को डेट कर रहीं थी। जब साल 2019 में प्रियंका और करीना साथ में कॉफी विद करण के लास्ट ऐपिसोड में आईं तो उनसे जब उनके पूराने कमेंट के बारे में पूछा गया तो दोनों ऐक्ट्रेस ने जवाब दिया मुझे लगता है कि हम एक-दूसरे को नहीं जानते थे। हमने कभी भी एक-दूसरे के साथ ज्यादा समय नहीं बिताया था। और इसलिए हमारे बीच ज्यादा दूरियां आ गई थी।

# आलिया की फिल्म में किरदार निभा सकते हैं अनिल कपूर





अनिल कपूर इन दिनों फिल्म 'एनिमल' और 'फाइटर' में अपने दमदार अभिनय को लेकर तारीफें बटोर रहे हैं। इन फिल्मों में काम करने के बाद अब खबरें आ रही है कि वह जल्द ही यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बन सकते हैं। ऐसे में अगर यह सच होता है, तो सलमान खान, ऋतिक रोशन के बाद अनिल कपूर भी इसमें शामिल हो जाएंगे। पिछले काफी समय से यह खबरें आ रही है कि वाईआरएफ 'पठान' और 'टाइगर 3' जैसी हालिया रिलीज फिल्मों के साथ अब अपनी स्पाई यूनिवर्स फिल्मों का विस्तार करने जा रहा है। इसमें ऋतिक रोशन की 'वॉर 2' और आलिया भट्ट की अनटाइटल्ड थ्रिलर मूवी भी पाइपलाइन में हैं। अब इस फिल्म को लेकर यह अपडेट आ रहा है। दरअसल, बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, आलिया की फिल्म में अनिल कपूर रॉ चीफ की भूमिका निभा सकते हैं। खबर के मुताबिक, अनिल कपूर वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में शामिल हो गए हैं और अब वह गिरीश कर्नाड की जगह लेते हुए रॉ चीफ की भूमिका निभाने वाले हैं। हालांकि, इसे लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।